हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 जुलाई 2024

06 समर्थन मूल्य पर न हो व्यापारिक उपज का ...



08 तहसील में आय-जाति प्रमाण पत्र बनवाने ...





## खबर संक्षेप

### एम्स में सोरायसिस के इलाज की सुविधा

**सीहोर।** सोरायसिस त्वचा से संबंधित एक रोग है, जिसमें त्वचा पर एक सफेद परत सी जम जाती है। त्वचा पर लाल चकते उभर आते हैं, जिनमें पीड़ित रोगी को खुजली होती है और त्वचा की सफेद परत झड़ती रहती है। इसके लिए आयुष परिसर स्थित शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में सोरायसिस रोग के इलाज की इकाई में सोरायसिस के रोगियों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। यहां हर दिन सुबह 9 से शाम 4 बजे तक रोगियों का परीक्षण एवं उपचार की सुविधा है। इसके लिए नवीन रोगी 9630667239 नंबर पर संपर्क कर पंजीयन करा सकते हैं। यह इकाई केन्द्रीय आयुष मंत्रालय दिल्ली और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल के सहयोग से संचालित की जा रही है।

### विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन

**सीहोर।** शासकीय हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए कॅरियर मार्गदर्शन होगा। इसके लिए नोडल शिक्षकों को वेबिनार के माध्यम से प्रशिक्षण दिए जाने की व्यवस्था स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा की गई है। कॅरियर मार्गदर्शन का उद्देश्य विद्यार्थियों को विषय की समझ एवं कॅरियर के महत्व को समझाना और कक्षा 10वीं के बाद विषय संबंधित निर्णय लेने में सहायक बनाना है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कॅरियर बनाने, स्वयं का व्यवसाय और उद्यमशीलता के बारे में जानकारी दी जाएगी। वेबिनार में विद्यार्थी अपनी शंका का समाधान और जिज्ञासा चैट में प्रश्न कर सकते हैं।

### एसएटीआईः काउंसलिंग की कार्यशाला आज

**सीहोर।** विदिशा बीटेक में एडमिशन के लिए तकनीकी शिक्षा संचालनालय मप्र का शेड्यूल जारी हो गया है। इसके लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं जो 25 जुलाई तक हो सकेंगे। ऐसे विद्यार्थी जिन्हें रजिस्ट्रेशन, च्वाइस फिलिंग या एडमिशन संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त करना हो या जानकारी चाहिए हो वे एसएटीआई के स्मार्ट क्लासरूम में 13 जुलाई को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। एसएटीआई एडमिशन सेल के चेयरमेन डॉ. राजेन्द्र दुबे ने बताया कि इंजीनियरिंग में प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत सर्वप्रथम जेईई मेन-2024 के परिणाम की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

### पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा शुरू

**सीहोर।** प्रदेश में 108 एम्बुलेंस की तर्ज पर पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ की गई है। इसका उद्देश्य अत्यंत गंभीर रोगियों, दुर्घटना पीड़ितों को विशेष चिकित्सकीय उपचार हेतु प्रदेश एवं देश के उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में तुरंत परिवहन कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। सेवा सिर्फ दिन में शुरू रहेगी।

## कृषि विभाग के जिम्मेदार अफसर किसानों की परेशानियों से लगता हैं अनभिज्ञ हैं

# फसल पर मंडरा रहा बीमारी का खतरा खेतों तक नहीं पहुंच रहे कृषि अफसर

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों और उपसंचालक कृषि के बीच में फसल प्रदर्शन किट को लेकर खींचतान की स्थिति बनी हुई है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में खरीफ फसलों की बोवनी को एक पखवाड़े से भी ज्यादा बीत चुका है। बारिश में देरी के चलते अब किसानों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। कृषि को उन्नत और किसान को समृद्ध बनाने के उदेश्य से शासन तमाम योजनाएं संचालित कर रहा है, बावजूद इसके सोयाबीन फसलों पर बीमारी का संकट मंडराने लगा है। तो वहीं कृषि विभाग के जिम्मेदार अफसर किसानों की परेशानियों से लगता हैं अनभिज्ञ हैं। खेतों सोयाबीन की फसल में कीटव्याधी की समस्या और पत्तियां पीली पड़ने की शिकायतें सामने आ रही हैं।

गौरतलब है कि जिले में तीन लाख 40 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन बोवनी की गई है। सोयाबीन उत्पादन के लिए क्षेत्र प्रसिद्ध है लेकिन इस बार किसानों की फसलों पर संकट मंडरा रहा है, फसलों पर कीटव्याधी और अन्य रोगों का खतरा है लेकिन किसानों का कहना है कि उन्हें सही जानकारी देने वाला कोई नहीं। कृषि विस्तार अधिकारी किसान के खेतों तक नहीं आते, कभी फसलों का निरीक्षण नहीं करते। ऐसे में अब यदि किसान की फसल रोगग्रस्त होती है तो उत्पादन पर भी असर पड़ने की आशंका है। ऐसे में किसान का नुकसान का जिम्मेदार कौन होगा।

### समय पर आया बीज, किसानों से नहीं किया संपर्क

इन दिनों जिले में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों और उपसंचालक कृषि के बीच में फसल प्रदर्शन किट को लेकर खींचतान की स्थिति बनी हुई है। एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं लेकिन इस बीच नुकसान तो किसान की फसल का होना है। कृषि विस्तार अधिकारी कह रहे हैं कि क्षेत्र में बोवनी के बाद सब्सिडी वाला बीज और किट आए हैं जबकि बड़े अफसरों का कहना है कि 18 जून को ही विकासखंडों में सोयाबीन बीज और किट आ चुके थे। लेकिन कृषि विस्तार अधिकारियों ने क्षेत्र के किसानों से संपर्क नहीं किया और उनको उचित सलाह नहीं दी। विभाग के बड़े अफसरों फसलों में कीटव्याधी और पीला पड़ने का



जिम्मेदार कृषि अधिकारियों को मान रहे हैं। इस संबंध में डीडीए केके पांडे का कहना है कि मामला जानकारी में आया है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर विशेष सुविधा शुरू

### सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों से अपॉइंटमेंट की सुविधा, नागरिकों को मिलेंगी विभिन्न सेवाएं

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य स्वास्थ्य एजेंसी द्वारा आयुष्मान भारत निरामयम हेल्पलाइन नंबर 1800-233-2085 का संचालन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के विभिन्न घटकों को मजबूत करने और आयुष्मान भारत निरामयम के अंतर्गत सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन के सहयोग से एक पायलट परियोजना प्रदेश के दो जिलों भोपाल और सीहोर में यह सेवा प्रारंभ की गई है।

टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर पर फोन करते समय नागरिकों को अपना आधार कार्ड और आधार कार्ड से जुड़ा हुआ मोबाइल नंबर साथ रखना आवश्यक है।

**सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों से अपॉइंटमेंट की सुविधा :** इस पायलट परियोजना के बारे में सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को बढ़ावा देने और नागरिकों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। नागरिक हेल्पलाइन नंबर पर चार प्रकार की सेवाओं का लाभ ले सकते हैं। जिनमें हेल्पलाइन पर फोन कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में संपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध सेवाओं के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। सभी बीमारियों के लिए सरकारी अस्पतालों में उचित डॉक्टरों से अपॉइंटमेंट की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं।

#### विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं रहेंगी उपलब्ध

इस परियोजना के तहत आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा आईडी) बनवाने की सुविधा ले सकते हैं। आभा आईडी के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाना और सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली सेवाओं का आसानी से लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डिजिटल स्वास्थ्य कार्ड बनवा सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य रिकार्ड से डॉक्टरों को मरीजों की पूरी मेडिकल हिस्ट्री उपलब्ध होगी और इलाज में आसानी होगी।

### आज एक दिवसीय कैंप में संपित्त कर व जलकर में उठाए विशेष छूट का लाभ

सीहोर। शनिवार को अपनी बकाया संपत्तिकर एवं जलकर की अधिभार राशि में नियमानुसार छुट दिए जाने के लिए नगर पालिका परिषद कार्यालय सीहोर में एक दिवसीय केंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप अपनी बकाया संपत्तिकर एवं जलकर की राशि का भुगतान कर शासन के नियमानुसार अधिभार की राशि में छुट का लाभ उठा सकते हैं।

## मप्र की 29 लोस सीटों पर जीत, दक्षिण के राज्यों के साथ देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा : करणसिंह वर्मा

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मप्र के राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा ने सात जुलाई को भोपाल में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की विस्तारिक प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्तावों और 3 जुलाई को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और परिश्रम से भाजपा को मध्यप्रदेश सहित देशभर में इस लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकर द्वारा बीते दस वर्षों में किए गए गरीब कल्याण, सुशासन के कामों और जनहित की योजनाओं के कारण ही मध्यप्रदेश के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी 29 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई है। इसके साथ ही दक्षिण के राज्यों के साथ देश भर में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा विधानसभा में जो बजट प्रस्तुत किया गया है, वह बजट जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए लाया गया है। यह बजट 2024 विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। भाजपा के वरिष्ठ नेता करणसिंह वर्मा ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा और एनडीए को ऐतिहासिक बहुमत मिला और नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। 62 वर्षों बाद देश ने किसी प्रधानमंत्री को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में जनादेश देकर स्वीकारोक्ति की है। भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बताई चार जातियां युवा, गरीब, महिला और किसान सहित सभी समाज वर्ग के कल्याण के लिए किए गए कार्यों से विजय मिली है।

**मध्यप्रदेश सहित कई राज्यों में भाजपा का वोट प्रतिशत बढ़ा :** करणसिंह वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई चार जातियों के कल्याण के लिए मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार लगातार कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार का हाल ही में 03 जुलाई को विधानसभा में प्रस्तुत बजट प्रदेश की जनता को आत्मनिर्भर बनाने के साथ 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में योगदान देने वाला है। भारत के इतिहास में 6 दशकों के बाद स्थिर सरकार के वैश्विक महत्व को रेखांकित करते हुए लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए स्पष्ट बहुमत से हमारी सरकार एवं नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया।

**फिर चरितार्थ हुआ एमपी के मन में मोदी :** करणसिंह वर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन मस्तिक में मध्यप्रदेश का विशिष्ट स्थान है। यह यूं ही नहीं कहा गया है कि मोदी के मन में एमपी और एमपी के मन में मोदी है। बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के हृदय मध्यप्रदेश मे बारम्बार, आगमन कर हमें गौरव प्रदान किया हैं, उन्होंने विश्वास भी दिया है और स्नेह, आर्शीवाद भी प्रदान किया है। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के सामूहिक नेतृत्व, कुशल रणनीति के साथ ही समर्पित कार्यकर्ताओं की श्रृंखला ने विधानसभा और लोकसभा की पूर्ण विजय को सुनिश्चित किया।

**मध्यप्रदेश सरकार का बजट कुशल वित्तीय प्रबंधन को दर्शाता है :** करणसिंह वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री का वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। हमारे कर्मठ व जुझारू मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार का प्रयास है कि आगामी 5 वर्षों में प्रदेश के वार्षिक बजट के आकार को दोगुना किया जाए। इस संबंध में पहला कदम 2023-24 के बजट की तुलना में बिना कोई नया कर लगाये वर्ष 2024-25 के बजट में 16 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है।

**रोजगार और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस :** भाजपा के वरिष्ठ नेता करणसिंह वर्मा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में 42 हजार पदों पर भर्ती प्रारंभ की जा रही है। इसके साथ ही 7500 से अधिक पुलिस और 11 हजार से अधिक शिक्षकों के पदों को भी भरने की प्रक्रिया शुरू होगी।

इनके साथ ही अन्य विभागों के हजारों रिक्त पदों पर भी भर्ती की तैयारी है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में भाजपा सरकार विशेष ध्यान दे रही है। आयोजित पत्रकार वार्ता में सीहोर विधायक सुदेश राय, पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम यादव, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता रवि नागले, सीहोर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर,जिला कार्यालय मंत्री पंकज गुप्ता, जिला मंत्री प्रितेश राठौर, सीहोर नगर भाजपा अध्यक्ष सुदीप प्रजापति विशेष रूप से उपस्तिथ रहे।

## सभी अधिकारियों का यह प्रयास हो की सेवानिवृति के साथ ही कर्मचारी को पीपीओ और पेंशन मिले : कलेक्टर

### अधिकारी लंबित पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें

**सीहोर।** लंबित पेंशन प्रकरणों और आगामी माहों में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण के संबंध में कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर सिंह ने समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों से कहा कि सेवानिवृत होने वाले अधिकारी-कर्मचारी के सभी स्वत्वओं एवं पेशन सेवानिवृति के साथ ही मिले। कलेक्टर सिंह तथा अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एक-एक लंबित पेंशन प्रकरण की विस्तार से समीक्षा की।



समीक्षा के दौरान कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि राज्य शासन के निर्देश है, कि सेवानिवृत्ति के 02 वर्ष पूर्व से शासकीय कर्मचारियों के सेवा अभिलेख पूर्ण करने की कार्यवाही प्रांरभ की जावे तथा सेवानिवृत्ति के अंतिम 06 माह मे पेंशन प्रकरण पूर्ण कर जिला पेंशन अधिकारी को प्रेषित किया जाना चाहिए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि कई विभागो के द्वारा सेवानिवृत्ति के बाद भी पेंशन प्रकरण प्रस्तुत नहीं किये जाते एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण में भी रूचि नहीं ली जा रही है जिससे सेवानिवृत होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर पेंशन एवं पीपीओ प्राप्त नहीं हो पाते। कलेकटर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि लंबित पेंशन प्रकरणों को शीघ्र पूर्ण कर जिला पेंशन कार्यालय को भेजें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृन्दावन सिंह, जिला कोषालय अधिकारी आरके जाटव सहित सभी विभागों के आहरण एवं संवितरण अधिकारी उपस्थित रहे।

## दस्तक अभियान में 3358 बच्चों की स्क्रीनिंग : 25 अगस्त तक 1 लाख 59 हजार 673 बच्चों के घर जाकर किया जाएग हेल्थ टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आगामी 27 अगस्त तक दस्तक अभियान के प्रथम चरण का संचालन हो रहा है। दस्तक अभियान के तहत जिले में अभी तक 3358 बच्चों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। जानकारी के अनुसार आगामी 25 अगस्त तक 1, 59, 673 बच्चों की स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के दौरान घर-घर जाकर बच्चों की जांच करें और बीमारियों की पहचान कर आवश्यक उपचार करें।

उन्होंने दस्तक अभियान का सफलता पूर्वक संचालन करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने दस्तक दल को एचबी परीक्षण, एनीमिया चिन्हांकन, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, डायरिया चिन्हांकन व प्रबंधन, जन्मजात विकृति चिन्हांकन तथा छूटे हुए बच्चों का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 14 जुलाई को मिलेगी सौगात, जिला मुख्यालय पर राजस्व मंत्री होंगे शामिल, बस सुविधा भी

# पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस... नई सुविधा, नया कोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शहर को 14 को बड़ी सौगात मिलने जा जुलाई क रही है। क्योंकि 14 जुलाई को जिला मुख्यालय स्थित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सहित प्रदेश के सभी 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ देश के गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। वे इंदौर में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल होंगे। जबकि जिला मुख्यालय पर प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा अतिथि रूप में शामिल होंगे। इसी दिन से यहां के विद्यार्थियों को सुविधा भी मिलेगी। बस

### बता दें कि एक्सीलेंस कॉलेजों

की विशेषता यह है कि नई शिक्षा नीति के अनुरूप इनमें सभी कोर्स उपलब्ध होंगे तथा ये कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे। युवा पीढ़ी को इन कॉलेजों का लाभ मिलेगा। जिला मुख्यालय पर कॉलेज का नाम तो



पहले से ही बदल दिया गया है। लेकिन अब 14 जुलाई के बाद कॉलेज में विद्यार्थियों को बहुत सी नई सुविधाएं भी मिलने लगेंगी। बता दें कि पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ 1 जुलाई से होना था। लेकिन तैयारियां पूरी नहीं होने की वजह से शुभारंभ आगे बढ़ाना पड़ा था। अब 14 जुलाई को एक्सीलेंस कॉलेजों का शुभारंभ होगा।

**छात्रों को जागरूक करने विद्या वन भी होंगे विकसित:** कॉलेजों में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करने के लिए पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में विद्या वन भी विकसित किए जाएंगे। इनमें नीम, पीपल, करंज, मौलश्री, गूलर, इमली, महुआ तथा फलदार पौधों की देशी प्रजातियां लगाई जाएंगी। विद्या वन में उद्घाटन समारोह में आने वाले अतिथि और विद्यार्थी पौधरोपण करेंगे।

### बीएड और एग्रीकल्चर के कोर्स भी शुरू होंगे

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में बीएड और बीएससी एग्रीकल्चर जैसे कोर्स शुरु किए जाने की तैयारी की जा रही है। हालांकि अभी इन कोसों को शुरू करने की कागजी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। इससे ऐसा भी हो सकता है कि पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के लिए इन कोर्स में प्रवेश प्रक्रिया अलग से की जाए। अभी इन कॉलेजों में निर्माण चल रहे हैं। प्रदेश के सभी पीएम एक्सीलेंस कॉलेजों में एकरूपता के लिए इनका गेट भी एक ही डिजाइन का बनाया गया है।

## गली, मोहल्ले और चौराहों पर 500 से ज्यादा कुत्ते, 12 दिन में 242 लोगों को काटा

**सीहोर।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब लोगों के लिए खतरा बन रही है। जुलाई के 12 दिनों में अब करीब 242 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा है, इतने लोग उपचार के लिए जिला अस्पताल व अन्य अस्पतालों में पहुंचे है। इस मान से औसतन हर दिन 20 से अधिक लोगों को शहर में आवारा कुत्ते काट रहे हैं। घनी बस्तियों के साथ ही कालोनियों और मुख्य मार्गों पर भी कुत्तों की संख्या बढ़ रही है। पूरे शहर में 500 से अधिक आवारा कुत्ते मुख्य मार्गों, चौराहे से लेकर कॉलोनियों की गलियों में हैं और सबसे ज्यादा बच्चों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। शहर में इन आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए कार्यक्रम शुरू किया जाना चाहिए, जिससे इनकी संख्या कम हो सके। जिला अस्पताल की सहायक प्रबंधक संजुलता भार्गव के अनुसार 12 दिनों में 242 एंटी रेबीज के डोज जिला अस्पताल में लग चुके हैं। जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को एंटी रेबीज का डोज लगाया जाता है। गुरुवार को जिला अस्पताल प्रबंधन के अनुसार जून में भी आवारा कुत्तों का आतंक अधिक था, लगभग 842 एंटीरेबिज के डोज मरीजों को लगाए गए। इसमें बच्चों की संख्या आधी से ज्यादा है।



खबर संक्षेप




## पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**सीहोर।** पेड़-पौधे हमारे प्राणदाता हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और उनकी देखभाल करें। इसी संकल्प के साथ बारियों शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति एवं तारा फाउंडेशन द्वारा विशेष वृक्षरोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के संकल्प के साथ पर्यावरण के बदलाव के दुष्प्रभाव को देखते हुए जल एवं वृक्ष संरक्षित करने का प्रयास का प्रण लिया साथ गुरुवार की शाम को संकल्प वृद्धाश्रम में पहुंचकर पौधरोपण किया। इस मौके पर सस्था की अध्यक्ष अतिया ओसाफ द्वारा आगे और भी 111 पौधे रोपित कर उनको संरक्षित रखने का प्रण लिया। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा करीब 501 से अधिक पौधों का रोपण के साथ ही इनके संरक्षण का संकल्प लिया जा रहा है। गत दिनों सत्यसांई विश्वविद्यालय में भी संस्था के द्वारा पौधा रोपण किया गया था। वहीं गुरुवार की शाम को संकल्प वृद्धाश्रम के संस्थापक बीपी सिंह, विमला सिंह, संचालक राहुल सिंह आदि की उपस्थिति में एक दर्जन से अधिक पौधों का रोपण किया गया था। कार्यक्रम में समाज सेवी बुशरा सचिव जुनेद अंसारी एवं जिला विधिक जिशान खान और केन्द्र के प्रभारी नटवर कुशवाहा आदि शामिल थे।

## राधेश्याम शर्मा काकू के निधन पर दी श्रद्धांजलि



**सीहोर।** शहर के वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर और बग्गीखाना स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर के पुजारी के रूप में सेवा कार्य करने वाले सरल और मिलनसार व्यक्तित्व के धनी राधेश्याम शर्मा काकू का बुधवार की सुबह लंबी बीमारी के पश्चात आकस्मिक निधन हो गया। अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सहित अन्य ने दो मिनट का मौनधारण कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर जिला संस्कार मंच के जितेन्द्र तिवारी, विठलेश सेवा समिति की ओर से समीर शुक्ला, मनोज दीक्षित मामा आदि श्रद्धांजली अर्पित की।

### एक व्यापारी को नोटिस, बिना लाइसेंस चलाई जा रही गल्ला दुकान कर दिया सील

# समर्थन मूल्य पर न हो व्यापारिक उपज का विक्रय इसलिए गोदामों का किया गया है भौतिक सत्यापन

गुरुवार को मंडी प्रशासन की टीम ने एक व्यापारी के गोदाम पर पहुंचकर जांच की तो यहां 18222 क्विंटल जिंस मिली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पिछले साल मूंग खरीदी में सामने आई गड़बड़ी और व्यापारिक माल की तुलाई समर्थन मूल्य पर होने से इस वर्ष मूंग खरीदी में प्रशासन फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। जिसके चलते पिछले चार दिनों से मंडी व्यापारियों के गोदामों का भौतिक सत्यापन खुद एसडीएम मंडी समिति की टीम के साथ कर रहे हैं।

पिछले एक सप्ताह के अंदर दो वेयर हाउस सहित 7 मंडी व्यापारियों के गोदामों का निरीक्षण किया जा चुका है, जिसमें एक सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक को अनियमितता मिलने पर निलंबित करने सहित आकाश एग्रो इंडस्ट्रीज व पवन-पुत्र फूड पॉर्क के खिलाफ कार्रवाई के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा गया है।दूसरी ओर गुरुवार को मंडी प्रशासन की टीम ने एक व्यापारी के गोदाम पर पहुंचकर जांच की तो यहां 18222 क्विंटल जिंस मिली। जिसके चलते व्यापारी को नोटिस जारी करते हुए उपज के अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं बिना लाइसेंस के व्यापार कर रहे एक फुटकर अनाज व्यापारी की दुकान सील कर दी है। इस मामले में एसडीएम ने मंडी प्रबंधन को कार्रवाई में लापरवाही ना बरतने व मंडी व्यापारियों के गोदामों पर रखी जिंसों की सूक्ष्मता से जांच करने के निर्देश दिए हैं।अधिकारियों और कर्मचारियों के दल ने जांच की पिछले एक सप्ताह से एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी, मंडी सचिव विलियम जॉर्ज सहित अन्य मंडी कर्मचारियों के दल ने जांच अभियान



चला रखा है। जिसके चलते समर्थन मूल्य पर बिकने वाली उपज को रोकने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। इसी के चलते बुधवार एवं गुरुवार को मंडी व्यापारियों के फड़ों की जांच का अभियान चलाया गया है। बुधवार को जहां जीएम वेयर हाऊस,श्री हरि ट्रेडर्स, गोपाल ट्रेडर्स व सांई ट्रेडर्स की गोदामों की जांच कर पंचनामा बनाया गया हैं तो वही गुरुवार को सालासर बालाजी व गायत्री ट्रेडर्स पर एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी की मौजूदगी में मंडी प्रशासन के द्वारा छापामार कार्रवाई की तो गोदाम में भारी मात्रा में गेहूं,चना, सोयाबीन, तुंवर, मक्का व मूंग भंडारित मिली। जिसके चलते दोनों ही फर्मों के जिंस अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए मंडी प्रशासन ने फर्म के प्रफुल्ल अग्रवाल व गायत्री अग्रवाल को नोटिस जारी किया है। एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी के मुताबिक इन दोनों ही फर्मों पर गोदाम में रखे अनाज में टैक्स चोरी की संभावना व्यक्त की गई है। शुक्रवार को व्यापारी भौतिक सत्यापन के लिए जिंसों का अभिलेख उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। दुकान में मिला 110 क्विंटल से अधिक अनाज भोपाल रोड पर राकेश मित्तल द्वारा बिना मंडी लाइसेंस के व्यापार कर अनाज खरीदा जा रहा था।भौतिक सत्यापन के द्वारा जब दस्तावेज मांगे गए तो वह कुछ भी उपलब्ध नहीं करा सका। जिसके चलते एसडीएम के निर्देश पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दुकान सील की गई। दुकान के अंदर गभग 110 क्विंटल से अधिक मौजूद थी।

### सालासर व गायत्री ट्रेडर्स के गोदाम पर मिली 18222 क्विंटल जिंस

मंडी इंस्पेक्टर उमेद सिंह धुर्वे ने बताया कि गुरुवार को सालासर बालाजी व गायत्री ट्रेडर्स के गोदाम की जांच के दौरान 2730 मूंग, 2709 चना, 10365 गेहूं, 1942 सोयाबीन, 240 तुंवर, 236 क्विंटल मक्का भंडारित पाई गई। दोनों ही फर्मों को नोटिस जारी कर जिसं अभिलेख के दस्तावेज मांगे गए हैं।भौतिक सत्यापन के बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि भंडारित जिंस नीलाम के दौरान मंडी से ले जाकर भंडारित की गई हैं या व्यापारी ने किसानों से मंडी टैक्स बचाने के लिए सीधे ही खरीदी की है। यदि टैक्स चोरी का मामला सामने आता हैं तो व्यापारी पर उपज के कुल मूल्य का 1 प्रतिशत टैक्स व पांच फीसदी जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।



# एक पेड़ मां के नाम के तहत 300 से अधिक पौधे लगाए

**भैरुंदा।** नगर के सीहोर रोड स्थित जेताज़ी स्कूल के पास से सड़क के बीचों बीच डिवाइडर पर छात्र छात्रों, शिक्षकों, अधिकारियों समाजिक लोगों ने मिलकर तीन सौ से अधिक पौधे लगाए। एक पेड़ मां के नाम के तहत इस कार्यक्रम की शुरुआत जेताजी स्कूल द्वारा उपस्थित अधिकारियों, समाजिक लोगो का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

उसके उपरांत शासकीय आशासकीय स्कूल के छात्र छात्राए के साथ एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी,तहसीलदार सौरभ शर्मा, सीएमओ प्रफुल गाठरे, नगर परिषद अध्यक्ष मारूति शिशिर, पार्षद एवं अधिकारी कर्मचारी और पत्रकारो के द्वारा पौधे लगाने गए।इस कार्यक्रम उपस्थित इन स्कूल के बच्चों शिक्षकों स्कूल के संस्थापक प्राचार्य के साथ पौधे लगाए। जेताजी स्कूल, विद्यासागर स्कूल, शुभम कॉन्वेंट स्कूल, जागृति स्कूल, विनांचल अकादमी स्कूल, तरुण पुष्प स्कूल,नीलकमल स्कूल, शारदा विद्या मंदिर, नवीन हाई स्कूल, सीएम राइज हाई स्कूल, जेबीएम स्कूल, राय साहब भंवर सिंह स्कूल, बीब्ही एम स्कूल, नवीन हाई स्कूल द्वारा समस्त अधिकारी पत्रकार साथी नगर परिषद कर्मचारी के साथ पौधरोपण किया गया। उपस्थित समस्त बच्चों को विशाल खंडेलवाल, सुधीर अग्रवाल द्वारा छात्र छात्राओं को सल्फहर कराया गया इसके उपरांत स्पोर्ट शिक्षक सचिन त्रिवेदी द्वारा उपस्थित लोगों एवं बच्चों को एक पौधा लगाने के लिए शपथ दिलाई गई।




# स्कूली वाहनों के चेकिंग अभियान में अनियमितता बरतने वाले 12 वाहनों पर की गई कार्रवाई

**सीहोर।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार ब्रजमोहन धाकड़ के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा बिना परमिट , बिना फिटनेस, बिना बीमा वाले स्कूली वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई । इस चालानी कार्रवाई के दौरान लगभग 35 से 40 स्कूली वाहनों को चेक किया गया ,जिसमें 12 स्कूली वाहन ऐसे मिले जिनमें परमिट, फिटनेस ,बीमा संबंधी कमियां पाई गई एवं कुछ वाहन चालक अनधिकृत रूप से गैस किट लगाकर गैस से वाहन चलाते पाए गए जिन पर वैधानिक रूप से कार्रवाई करते हुए यातायात पुलिस द्वारा कुल 15 चालान बनाए जिनसे 22000 रुपए समन शुल्क वसूला गया । समस्त स्कूली वाहन चालको, मालिकों को आगे से यातायात नियमों का पालन कर एवं पूर्ण दस्तावेजों के साथ वाहन संचालन करने की हिदायत दी । यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न कर बिना परमिट ,बिना फिटनेस, बिना बीमा एवं वाहन में हस्तक्षेप करने वाले स्कूली वाहनों को चेक करने की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी, इस चालानी कार्रवाई में यातायात थाने का पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा।







## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन चौकी में किया पौधरोपण




**इछावर।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शुक्रवार को खिवनी अभयारण्य की दौलतपुर और रूपादा वन चौकी में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वन अमले द्वारा छायादार प्रजाति के दर्जनभर से अधिक पौधे रोपे साथ ही उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में वनपाल पूरनसिंह राजपूत के नेतृत्व में वन रक्षक बजरंग सिंह चौहान , सुरक्षा श्रमिक विरेन्द्र सिंह , सुरेश वर्मा आदि ने शीशम , बबूल , आंवला, महुआ और तुलसी के पौधे रोपे।इस दौरान रोपे गये पौधों की सुरक्षा के इंतजाम करने के साथ ही उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

# नवीन आपराधिक कानून के संबध में किया गया जागरुक

**सीहोर।** पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी बुदनी शशांक सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में भारत में एक जुलाई से लागू होने वाले भारत के नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में प्रचार-प्रसार के संबंध में बुदनी पुलिस द्वारा गुरुवार को जनपद कार्यालय बुदनी में महिला बाल विकास के अधिकारी , आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी कार्यकर्ता की महिलाओं की उपस्थिति में जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारत में पुराने कानून भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), साक्ष्य अधिनियम अब तक प्रचलन में थे एवं पुलिस द्वारा इन पुराने कानूनों के आधार पर ही कार्यवाही की जाती थी परंतु एक जुलाई से संपूर्ण भारत में नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 भारतीय, नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के अंतर्गत ही कार्रवाई की जावेगी। नवीन कानूनों के बारे में आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व ऊषा कार्यकर्ता की महिलाओं को नए कानून के संबंध में जानकारी दी गई।



# गुरुमंत्र के साथ प्रसादी में दिया जाएगा एक बिलपत्र का पौधाः पं.मोहितराम

**सीहोर।** श्रीमाधव महाकाल आरोग्य आश्रम पर प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी धर्म रक्षक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के संचालन में कथा व्यास गोभक्त संत पंडित मोहितराम पाठक के सानिध्य में 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा अमृत महोत्सव भव्य रूप से आश्रम परिवार द्वारा मनाया जाएगा। 20 जुलाई को सर्वप्रथम गोमाता का पूजन कर भगवान का अभिषेक पूजन एवं रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा । साथ ही 21 जुलाई को प्रातः सुबह 7 बजे से पूजन व अभिषेक होगा। प्रातः 9 बजे यजमानों द्वारा हवन एवं प्रातः 10 बजे से गुरु पूजन एवं भोजन प्रसादी भंडारा प्रारंभ होगा एवं गुरु तत्व की महिमा एवं गुरु मंत्र से दीक्षित कर पर्यावरण अध्यात्म को बचाने के लिए देवीय पौधे बिल वृक्ष पौधे एवं आंवला के पौधे का वितरण श्रीमाधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार द्वारा किया जाएगा। मोहितराम पाठक ने बताया कि गुरु की भूमिका भारत में केवल आध्यात्म या धार्मिकता तक ही सीमित नहीं रही है, देश पर राजनीतिक विपदा आने पर गुरु ने उचित सलाह देकर विपदा से उबारा भी है। अर्थात अनादिकाल से गुरु ने शिष्य का हर क्षेत्र में व्यापक एवं समग्रता से मार्गदर्शन किया है।



# शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाने व पौधरोपण करने में अपना योगदान दें, रवि मालवीय

**सीहोर।** शहर में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। नगर पालिका के द्वारा शहर के सभी वार्डों में आवश्यकतानुसार सड़क और नालियों का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा रहा है। इस क्रम को आगे बढ़ते हुए गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष रवि मालवीय के मुख्य आतिथ्य में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने वार्ड क्रमांक 10 में 17 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का भूमि पूजन कन्या से कराया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्षद और क्षेत्रवासी मौजूद थे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष मालवीय ने कहा कि शहर को सुंदर और स्वच्छ रखने के लिए सभी एकजुट होकर साथ दे, क्षेत्र के विकास के लिए राशि की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। क्षेत्रवासी पौधरोपण आदि अभियान में सहयोग करे। नागरिकों से आह्वान किया कि अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना योगदान दें। इसके लिए सार्वजनिक स्थलों, खाली प्लाटों और इधर-उधर कचरा ना फेंके। कचरे को हमेशा नगर पालिका की गाडि़यों या डस्टबिन में ही डालें। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नपा अमले के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन सफाई कार्य कर रहे हैं, लेकिन इसमें नागरिकों का सहयोग बहुत ही जरूरी है। जिस प्रकार हम अपने घर की सफाई का ध्यान रखते हैं, उसी प्रकार अपने आसपास के क्षेत्र की सफाई का भी ध्यान हमें रखना होगा। अगर कोई व्यक्ति इधर-उधर कचरा डालता है, तो उसे ऐसा करने से रोकें क्योंकि स्वच्छता के इस मिशन में सामाजिक भागीदारी एवं दबाव का होना आवश्यक है। गुरुवार को आयोजित भूमि पूजन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार गुप्ता, भूपेन्द्र सिसौदिया, ओम पटेल, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, विजेन्द्र परमार, प्रदीप बिजोरिया, मांगीलाल मालवीय, कमलेश कुशवाहा, मुकेश मेवाडा, गुलशन जैन सहित क्षेत्रवासी शामिल थे।



### घटिया निर्माण के कारण छह माह के अंदर ही उखड़ गई सड़क

# सीसी सड़क का अधूरा निर्माण कर संपूर्ण राशि निकाले जाने की पंच ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम पंचायत खंडवा के वार्ड क्रं. 15 के पंच उमेश माहेश्वरी ने कलेक्ट्रेट व जिला पंचायत में शिकायत कर बताया कि विधायक निधी से 18 अगस्त 2022 को 3 लाख रुपए से हायर सेकंडरी स्कूल से अब्बास अली के घर तक सीसी रोड बनाना थी किन्तु उक्त सड़क आधी से भी कम बनाई गई है और पूर्ण सडक़ का भुगतान कर दिया गया है और उक्त सड़क निर्माण 24 अगस्त 2023 को कार्य पूर्ण होना दर्शाया गया है। सड़क का निर्माण कार्य घटिया मटेरियल से हुआ है। सड़क का निर्माण भी घटिया हुआ है, जिसके कारण मात्र 6 माह के अन्दर ही सड़क उखड़ गई है। उक्त सड़क निर्माण में जिनसे सड़क निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की गई है, उसके बिल भी बिना जीएसटी के बिल लगाकर मिली भगत से भुगतान कर दिया गया है, जिनके बिलों की छायाप्रति पत्र के साथ संलग्न है और उक्त सड़क निर्माण हेतु कोई टेंडर भी नही निकाला गया है। विधायक निधि से ग्राम पंचायत को सड़क निर्माण हेतु 16 अगस्त 2022 को स्वीकृत हुए 2 लाख रुपए से अरावली के घर से बदुद खां के घर तक अधूरी सड़क बनाई गई और पूरा निर्माण कार्य का पंचायत पोर्टल पर दर्शाते हुए पैसे हड़प लिये गये। खंडवा सरपंच लीला किस मुकाती ने बताया कि निर्माण के लिए जितनी राशि मांगी गई थी उतनी नहीं मिली, जितनी राशि स्वीकृत हुई थी उतने में सड़क का निर्माण किया गया है। शिकायत निराधार है।



### कभी भी हो सकता है ब्यावरा जैसा हादसा, नपा प्रशासन का नहीं है ध्यान

# हादसे से नहीं सबक, राजगढ़ में नालों के किनारे ही तन रहे मकान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दो दिवस पूर्व ब्यावरा शहर में नदी के समीप के क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान गिरने से एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, वहीं कुछ घायल हो गए। इस हादसे के बाद अब हो रही जांचों में कई प्रशासनिक लापरवाहियां उजागर हो रही हैं। डूब क्षेत्र के एरियों में बन रहे इस तरह के मकानों के मामले सिर्फ ब्यावरा तक ही सीमित नहीं है।

राजगढ़ मुख्यालय पर भी न नालों के किनारे जहां अनाधिकृत रूप से अनेकों मकान तान दिए गए हैं वहीं यह क्रम अभी भी लगातार जारी है। पुरानी दूध डेयरी वाले के नीचे स्थित नाले के ऊपर ही करीब 30 से 40 मकान ऐसे बने हुए हैं जो भू-स्खलन या इसी तरह की परिस्थिति निर्मित होने पर जमींदोज हो सकते हैं वहीं बड़ी जनहानि हो सकती है। बडी बात यह है कि इन मकानों से अधिकांष मकान शासकीय जमीन पर बनाए गए एवं बनाए जा रहे हैं। वहीं, बाद में से कुछ महानों के पट्टे बन गए एवं बगैर निर्माण की अनुमति के ही दो से तीन मंजिला मकान अनाधिकृत रूप से बना लिए गए हैं।

#### बाराद्धारी क्षेत्र में भी यही हालात

*कुछ इसी तरह के हालात खरला नाले पर ही कुछ वर्षों पहले धीरे-धीरे डेवलप हुए बाराद्धारी क्षेत्र का भी है। बाराद्धारी एरिए में डूब क्षेत्र में ही कई झुग्गियों के साथ ही पक्के मकान बना लिए गए हैं। जबकि, पूर्व के वर्षों में मूसलाधार बारिश से आए पानी के कारण इन स्थानों पर बाढ़ जैसे हालात भी निर्मित हो चुके हैं। इसके बाद भी झुग्गियां तानने का क्रम अनवरत जारी है जो भविष्य में यहां निवासरत लोगों की जान के लिए भारी पड़ सकता है।*

#### नगर पालिका से नहीं निर्माण की अनुमति

*नगरीय क्षेत्र में घरेलू या व्यवसायिक किसी भी तरह का निर्माण करने के पूर्व नगर पालिका से निर्माण अनुमति की आवष्यकता होती है। लेकिन, नालों के किनारे बने एवं बन रहे मकानों के मालिकों ने नपा से किसी तरह की अनुमति कभी नहीं ली है। क्योंकि, नगर पालिका खतरनाक स्थानों पर मकान बनाने की अनुमति नहीं दे सकती है। ऐसे में बगैर अनुमति के ही लोगों द्वारा नालों, नदियों के किनारे पर निर्माण करवाए जा रहे हैं, जिन पर रोक की नितांत आवष्यकता है।*

# एक तरफ पौधरोपण तो दूसरी तरफ अवैध कटाई

### हरे वृक्षों की कटाई जारी, आरा मशीनों पर गीली लकड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्य प्रदेश शासन प्रतिवर्ष बारिश के दिनों में विभिन्न शासकीय मादों से लाखों करोड़ो रुपए वृक्षा रोपण के नाम पर खर्च करता है और वृक्षों की देखभाल के लिए शासकीय अमला भी नियुक्त है। इसके बाद भी प्रतिवर्ष तेज गति से बड़े बड़े हरे वृक्षों की बलि चढ़ रही है। मध्य प्रदेश का मालवा क्षेत्र कभी मिनी कश्मीर के नाम से जाना जाता था उसमे मुख्य रूप से राजगढ़ जिले का नाम सम्मलित था। किंतु जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण हरे वृक्षों की अवैध कटाई लगातार जारी रही है। अब राजगढ़ जिला मिनी कश्मीर की जगह मिनी रेगिस्तान का रूप ले रहा है। जिले को रेगिस्तान बनने से बचाने के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना से लेकर अनेक मादो से वृक्षारोपण का महाअभियान सतत रूप से चलाया गया। गत पांच वर्षो में वृक्षारोपण के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि खर्च हुई जिले के सारंगपुर क्षेत्र में भी पंचायत के माध्यम से लाखो रुपए वृक्षारोपण के नाम पर निकाले गए लेकिन धरातल पर एक भी पेड़ जिंदा नही है और जो पुराने जिंदा पेड़ थे उनकी अवैध कटाई खुलेआम होती रही। जिले में विगत पांच वर्षो में कई आरा मशीनों के लाइसेंस जारी कर दिए गए। सारंगपुर सहित जिले भर की किसी भी आरामशीन पर गीली लकड़ी देखी जा सकती हैं। किंतु विभाग मुख दर्शक बना हुआ हैं शासन द्वारा हरे वृक्षों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने के बाद भी किस की मिली भगत से पेड़ो की कटाई हो रही हैं। क्या विभाग इस और ध्यान देगा।

#### इनका कहना है

जंगल में कहीं अवैध कटाई नहीं हो रही हैं। 120 आरा मशीन हैं कितने का नवीनीकरण हुआ है। ऑफिस से देखकर बताऊंगा।

**राजीव दुबे,**
एसडीओ वन विभाग राजगढ़

# फर्जी कम्प्यूटर सेंटर संचालकों पर कार्रवाई की रखी मांग, अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

### छात्रों के भविष्य के साथ किया जा रहा खिलवाड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर सहित आसपास के कस्बों में कुछ ऐसे कम्प्यूटर सेंटर हैं जहां डीसीए, पीजीडीसीए के डिप्लोमे, डिग्री करवाने का प्रचार किया जा रहा है। जबकि, इन कम्प्यूटर सेंटर संचालकों के पास वैध यूनिवर्सिटी से मान्यता नहीं है। ऐसे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आगे आते हुए बुधवार दोपहर संयुक्त कलेक्टर वीरेंद्र दांगी को एक शिकायती आवेदन सौंपते हुए ऐसे कम्प्यूटर सेंटरों पर कार्रवाई की मांग की है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि राजगढ़ में फर्जी तरीके से कुछ ऐसे कम्प्यूटर सेंटरों का संचालन हो रहा है जिनके पास किसी विष्वविद्यालय से मान्यता नहीं है। इसके बाद भी सेंटर संचालक माखनलाल यूनिवर्सिटी, महर्षि महेश योगी विष्व विद्यालय आदि से मान्यता होने संबंधी प्रचार कर रहे हैं। इनके झांसे में आकर अनेकों विद्यार्थी यहां प्रवेश ले रहे हैं। इन सेंटरों पर छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विद्यार्थी परिषद ने इस पर अपना तीखा विरोध जाहिर करते हुए मांग की है कि इन सभी फर्जी संस्थाओं की जांच कर उन पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही नायब तहसीलदार के नेतृत्व में दल बनाकर छापे डाले जाने चाहिए।

### हर शासकीय कार्यालय में रहता है प्रावधान

# जिला पंचायत में ही नहीं है दिव्यांगों हेतु रैंप सुविधा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

किसी भी शासकीय कार्यालय में दिव्यांगजनों के आने-जाने की सहुलियत के लिए रैंप का निर्माण करवाया जाता है। मुख्यालय के लगभग सभी शासकीय महकमों में रैंप के निर्माण करवाए गए हैं लेकिन ग्रामीण विकास विभाग के अधीन वाले जिला पंचायत जैसे बड़े दफ्तर में ही रैंप नहीं है। जिला पंचायत का भवन दो मंजिला है। ऐसे में दूसरी मंजिले स्थित शाखाओं में जाने के इच्छुक दिव्यांगजन खासी परेशानी के बाद सीढ़ियां चढ़कर पहुंच पाते हैं। दरअसल, भवन निर्माण के समय ही इस बात का ध्यान नहीं रखा गया। दिव्यांग संघ जिलाध्यक्ष राजेश विष्वकर्मा सहित अन्य ने मांग की है कि जिपं के अधिकारियों को हमारी सहुलियत हेतु रैंप का निर्माण करवाना चाहिए।

## लोक अदालत का आयोजन 14 सितंबर को

**ब्यावरा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण राजगढ़ के निर्देशानुसार 14 सितम्बर, 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष राजीव म. आपटे, प्रधान जिला न्यायाधीश के मार्गदर्शन में गुरुवार को बीमा कंपनी अधिवक्तागण के साथ न्यायालय राजगढ़ के एडीआर भवन में प्रीसिटिंग मीटिंग का आयोजन किया गया। उक्त मीटिंग विशेष न्यायाधीश निवेदिता मुदगल की अध्यक्षता में एवं सचिव योगीराज पाण्डेय के साथ वरिष्ठ बीमा कंपनी अधिवक्ता एच.बी. व्यास, साजिद, खुर्शीद खान, सचिन कुमार दुबे, पंकज शर्मा, जे.पी. शर्मा, आलोक श्रीवास्तव एवं अन्य अधिवक्तागण शामिल हुए। उक्त मीटिंग में क्लेम संबंधी प्रकरणों को लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को रैफर किये जाकर सुलह-समझौते के आधार पर निराकरण करने पर बल देते हुए अदालत को सफल बनाने के संबंध में जानकारी दी गई।

### सचेत रहे मोबाइल रिपेयरिंग दुकानदार

# 'चोरी के मोबाइल लॉक खोलने वालों पर होगी एफआईआर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



बीते दिनों क्षेत्र के अनेकों लोगों के मोबाइल अज्ञात बदमाशों द्वारा विभिन्न स्थानों, घरों, दुकानों से चुराए गए हैं। सभी मामलों की पड़ताल पुलिस कर रही है वहीं कुछ मोबाइल जब्त भी कर लिए गए हैं। मोबाइल चुराने के बाद चोरों द्वारा मोबाइल सुधारने वाले दुकानदारों, कम्प्यूटर सेंटर संचालकों से इन मोबाइल के लॉक खुलवाए जाते हैं। राजगढ़ पुलिस अधीक्षक प्रदीप मिश्रा ने लॉक खोलने, तोड़ने वालों को आगाह किया है कि जो व्यक्ति, दुकानदार चोरी के मोबाइलों के लॉक खोलेगा उस पर भी पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज की जाएगी। जिस तरह चोरी का माल चुराने वाला गुनाहगार होता है वैसे ही चोरी करने वालों का किसी भी तरह से साथ देने वाले भी दोषियों की श्रैणी में रखे जाएंगे। उल्लेखनीय है कि मोबाइल रिपेयरिंग करने वाले कुछ दुकानदार आसानी से किसी भी मोबाइल का फिंगर लॉक व अन्य लॉक खोल लिया करते हैं। वे यह नहीं देखते कि संबंधित मोबाइल को जो लाया है वो आम व्यक्ति है या फिर कोई चोर, बदमाश लॉक खुलवा रहा है।

## 15 मौतों के जिम्मेदार बस चालक को 15 साल की जेल

### 2016 में हिरनखेड़ी के नजदीक हुआ था हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-52 पर साल 2016 में हुए एक हृदय विदारक सड़क हादसे में बस की टक्कर से ऑटो में सवार 15 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। राजगढ़-ब्यावरा के बीच हुई इस हृदय विदारक के अधिकांश हताहतों में स्कूली बच्चे शामिल थे। इस मामले में अब न्यायालय ने बस के चालक को हादसे का दोषी मानते हुए प्रत्येक मृत्यु पर एक-एक साल इस तरह 15 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। उल्लेखनीय है की 13 दिसंबर 2016 को राजगढ़ तरफ से जा रहे ऑटो में सामने से आ रही बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बस में टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में कन्याशाला की छात्राओं समेत 15 लोगों की मौत हुई थी वही बहुत से लोग घायल हुए थे। इसी मामले में अब न्यायालय ने बस के ड्राइवर जगदीश पिता रामसिंह तंवर निवासी टांडीकला को आरोपी सिद्ध किया है। आरोपी जगदीश को 15 साल की सजा सुनाई गई है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी एडवोकेट विजयसिंह सिसोदिया ने की।

# बिजली चोरी करने वालों पर की कार्रवाई, बनाए प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर


करंट के फैले वायरों से दो मासूम झुलसे
मौत का जाल, सारंगपुर के मुकेरवाड़ी में खुलेआम हो रही बिजली की चोरी

खबर का असर

विगत दिनों शहर के मुकेरवाडी में अवैध रूप से विद्युतचोरी करने वालों ने बिजली के तार बिछा रखे थे। बिजली के तार से करंट लगने से दो मासूम झुलस गए थे जिसकी खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से लगाई थी खबर के बाद विभाग ने मुकेरवाड़ी सहित शहर के विभिन्न मोहल्लों में बिजली चोरी करने वालों पर कार्यवाही की। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड सारंगपुर के सहायक यंत्री द्वारा बतया गया की बुधवार को उप महा प्रबंधक ब्यावरा प्रहलाद क्षेत्र के मार्गदर्शन में छोटा कसाईवाडा,सीधा खाल,पठान वाड़ी, खारिया, सीतल माता कालोनी आदि मोहल्ले में सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें सारंगपुर वितरण केंद्र के सहायक यंत्री कनिष्क यंत्री सहित ब्यावरा संभाग के समस्त कनिष्ठ यंत्री, सहायक यंत्री द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 व 135 के तहत विद्युत चोरी के प्रकरण बनाए गए तथा केवल व मीटर जप्त किए गए,। उक्त विधुत चोरी में प्राथमिक दर्ज कराने हेतु सम्बनध्ति पुलिस थाने को पत्र लिखा गया है।कुल 51 प्रकरण में 12.30 लाख की विद्युत चोरी क्षति पूर्ति राशि का आकलन किया तथा अंतिम निर्धारण आदेश अपराध में लिप्त व्यक्तियों को दे दिए गए है, जिसमे 6 उपभोक्ता द्वारा लगभग 55हजार रुपये जमा करवाये गए हैं। आने वाले दिनों में और चेकिंग की जावेगी, जिसमे मीटर से छेड़छाड़ व सीधे चोरी करने वालो पर कार्रवाई होगी।

## प्रदुम्न्य सोनी भारत सरकार की न्यूक्लियर इकाई में चयनित



**राजगढ़।** राजगढ़ समीपस्थ ग्राम चाटूखेड़ा निवासी प्रदुम्न्य सोनी का चयन न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन ऑफ इंडिया में हुआ है जो भारत सरकार के स्वामित्व की ईकाई है। यहां परमाणु ऊर्जा से संबंधित बड़े कार्य होते हैं। उक्त पद के लिए पूरे देष से करीब 10 हजार बच्चे सम्मिलित हुए थे। प्रदुम्न्य को देश में चौथी रैंक मिली है। इस उपलब्धि पर इष्टमित्रों, परिजनों, ग्रामीणजनों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 4 लाख की प्याज सहित ट्रक ले उड़ा ड्राइवर

### व्यापारी ने बोड़ा थाने में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ा




बूधवार को बाबा रामदेव ट्रेडर्स महेश राजपूत निवासी बोड़ा ने बोड़ा थाने आवेदन दिया है, जिसमें उल्लेख किया है कि शुजालपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी हाजी फरीद, सद्दाब भाई के माध्यम से 4 जूलाई को एक प्याज की गाड़ी जो की मुबारिक खान और गाड़ी ड्राइवर रोपसिंह भरतपुर है।

जिसको बोड़ा से गाड़ी में 12 टन से अधिक 221 नग प्याज से भरे कट्टे अनुमानित कीमत 3 लाख 60 हजार हे जिसे दिल्ली आजादपुर मंडी के लिए भेजी थीं। लेकिन आजतक माल सहित ट्रक आजादपुर मंडी नही पहुंची। मेने कई बार शुजालपुर गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी मालिक से बात की पर संतोष जनक जवाब नही दिया और जूठा आश्वाशन देकर गुमराह किया जा रहा है। और गाड़ी लेके जाने वाला ड्राइवर रोपसिंह भरतपुर का मोबाईल भी बंद आ रहा है। इस मामले को लेकर उप मंडी बोड़ा लाइसेंस धारी फर्म बाबा रामदेव ट्रेडर्स बोड़ा के महैश राजपूत ने बोड़ा थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

#### कार्रवाई करेंगे

आवदेन प्राप्त हुआ है। जैसे तथ्य मिलेंगे वैसी कार्रवाई की जाएगी।

**निलेश अवस्थी, थाना प्रभारी बोड़ा**

# प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल में कार्यशाला कक्ष का उद्घाटन व पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल नरसिंहगढ़ में बुधवार को एस.यू.पी.डब्लू.( सोशली यूजफुल प्रोडक्टिव वर्क) सामाजिक उपयोगिता उत्पादक कार्य कार्यशाला कक्ष का उद्घाटन हुआ एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से एच.डी.एफ.सी. बैंक नरसिंहगढ़ के प्रबंधक जितेंद्र शर्मा, विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष नवरंग धाकड़, विद्यालय निर्देशक हरीश मुलानी, ओम धाकड़ उपस्थित थे। विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि मूल्य आधारित शिक्षा ही विद्यालय का मुख्य सूत्र है एवं किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान व प्रशिक्षण से ही सर्वांगीण विकास संभव है। विद्यालय समिति कोषाध्यक्ष एवं निर्देशक हरीश मुलानी ने सभी विद्यार्थियों को पौधारोपण करने का संकल्प दिलाते हुए कहा कि राष्ट्रीय नवीन शिक्षा नीति के तहत विद्यालय में सभी नवाचार लागू किया जा रहे हैं। एच.डी.एफ.सी. बैंक मैनेजर जितेंद्र शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य नीरज शर्मा ने बताया कि विद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा के साथ ही बच्चों को स्पोकन इंग्लिश, केलीग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट, संगीत, योग, जूडो कराटे प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही एस. यू. पी. डब्लू. के अंतर्गत खेल, कला, साहित्य, वर्क एजुकेशन, दैनिक कार्य आदि समेत साठ से ज्यादा गतिविधियों का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया जाएगा। विद्यालय में कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं ए.एस.एल. का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इस अवसर पर उपप्राचार्य शिवानी गुप्ता, को - ऑर्डिनेटर नेहा पाल, रेखा नागर , जितेंद्र सोलंकी, सोनाली मेहरा , कु प्रिया गहलोत समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्राचार्यों की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश...

# शासकीय शैक्षणिक संस्थाओं में अनिवार्य रूप से गुणवत्तापूर्ण और परिणाम मूलक शैक्षणिक गतिविधियां संचालित हों

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर






जिले के सभी प्राचार्य अपनी-अपनी संस्थाओं में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और परिणाम मूलक शिक्षा देना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश शुक्रवार को कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने शिक्षा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जिले के शासकीय उ.मा.वि. प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्यों की बैठक में दिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे भी मौजूद थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि संकुल प्राचार्य अपने संकुल अंतर्गत शिक्षकों की कमी की पूर्ति जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से शैक्षणिक व्यवस्था तत्काल कराएं तथा गुणवत्तापूर्ण, शैक्षणिक कार्य करें, परीक्षा परिणाम में वृद्धि होना आवश्यक है। शाला में नियत समय पर शिक्षक अपना शैक्षणिक कार्य कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को देना सुनिश्चित करें। बैठक में नामाकंन में वृद्धि, आईसीटी लेब, वाचनालय का संचालन, सेवा पुस्तिकाओं का संधारण तथा सीसीएलई गतिविधियां शासन के निर्देशानुसार संचालन करने की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दुबे ने दी। साथ ही शिक्षक डायरी की अनिवार्यतः पौधारोपण वायुदुत एप के माध्यम से करने, इसंपायर अवार्ड, पर्यटन क्विज एवं संकुल प्राचार्यों को विद्यालयों का निरीक्षण करने के निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने जिला शिक्षा कार्यालय परिसर में प्रारंभ की गई नर्सरी का अवलोकन किया तथा परिसर में ही आम्रपाली का पौधा रोप कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर जिला योजना अधिकारी शिक्षा हेमंत दुबे, एडीपीसी ओपी कारपेंटर एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी तथा समस्त प्राचार्य उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### हम सभी जिनवाणी को नहीं छोड़ेंगे: किरण बाला

**आष्टा।** नगर में चार महीने तक जिनवाणी की बरसात होगी। चातुर्मास के दौरान अधिक से अधिक धर्म-आराधना करें और उपवास के तेले की लड़ी अर्थात तीन उपवास व आयंबिल की तपस्या का भाव बनाएं। हमारा यही प्रयास रहेगा कि जिनवाणी श्रवण अधिक से अधिक लोग करें। यह बातें नगर के महावीर भवन स्थानक में चातुर्मास हेतु साढ़े सोलह किमी का मंगल विहार कर पधारी महासती किरण बाला महाराज साहब ने नगर प्रवेश के पश्चात आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने णमोकार महामंत्र सुनाते हुए कहा कि चातुर्मास आया है, साध्वियों को बुलवाया है। हम सभी जिनवाणी को नहीं छोड़ेंगे, सब सुनने को दौड़ेंगे। साढ़े सोलह किमी का मंगल विहार आज साध्वी संघ ने किया। महासती किरणबालाजी, स्वाध्याय प्रेमी महासती शीतल, तत्व जिज्ञासु महासती रेणु प्रभा, सेवाभावी महासती अनंत गुणा व महासती कृतज्ञा जी ठाणा - 5 का बुधवार को कन्नौद मिर्जी से विहार कर महावीर भवन स्थानक आष्टा पधारे। इस अवसर पर श्राविका संघ अध्यक्ष साधना रांका, प्रतिभा देशलहरा ने भजन के माध्यम से आगवानी की।

### जमना बाई को दी श्रद्धांजलि

**आष्टा।** नगर के पुराना दशहरा मैदान स्थित गोकुलधाम में भक्तिलाल कुशवाहा की पत्नी जमना बाई का शांति भोज श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, प्रभु प्रेमी संघ महासचिव प्रदीप प्रगति ने शब्दों के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आष्टा यातायात पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था में नहीं कर रही सुधार

# बिगड़ती जा शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, रोज बन रहे कई मार्गों पर जाम के हालात

यातायात पुलिस की लापरवाही के कारण शहर में बार-बार जाम लग रहा है। कन्नौद मार्ग की यातायात व्यवस्था में खराब है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




शहर में ट्रैफिक व्यवस्था दिनों दिन बिगड़ती जा रही है शहर के व्यस्ततम मार्गों पर दिन में हर कभी जाम लग जाता है। जाम से सबसे ज्यादा परेशानी वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है लेकिन इन सब के बाद भी आष्टा की यातायात पुलिस व्यवस्था सुधारने की दिशा में कोई भी कार्य नहीं कर रही है नतीजा पूरा शहर भुगत रहा है।बता दे की शहर में विगत चार-पांच वर्षों से वाहनों की संख्या बढ़ गई है इधर दो नेशनल हाईवे भी शहर से गुजरते हैं पहला भोपाल इंदौर हाईवे दूसरा खंडवा कन्नौद शुजालपुर मार्ग और इन दोनों ही मार्गों पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। आष्टा की यातायात पुलिस की लापरवाही के कारण शहर में बार-बार जाम लग रहा है, क्योंकि इन हाईवे व अन्य मार्गों पर सड़क किनारे वाहन खड़े रहते हैं कई बार जिम्मेदार नागरिकों ने ट्रैफिक पुलिस को बता दिया उसके बाद भी मात्र कभी-कभी दिखावे की मुहिम चलाते हैं।

### सबसे ज्यादा कन्नौद मार्ग पर जाम

यातायात व्यवस्था की बात करें तो सबसे ज्यादा कन्नौद मार्ग की यातायात व्यवस्था में खराब है।इस मार्ग पर दिन में हर कभी जाम लग जाता है भोपाल नाका से कॉलोनी चौराहा मंडी गेट तक दोनों और वाहन खड़े रहते हैं। इधर दुकानदारों ने सामान भी रख रखा है इस कारण दिन में हर कभी जाम लग जाता है। यातायात पुलिस तैनात रहती है लेकिन इस मार्ग पर जाम से निजात नहीं मिली पूरे मार्ग पर दोनों और वाहन खड़े रहते हैं। ट्रैफिक विभाग के जवान क्या करते हैं यहां तो वही जाने लेकिन इसमें सबसे ज्यादा लापरवाही यातायात चौकी प्रभारी ललित कुमार गुप्ता की है वहां जब से आए हैं शहर की ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ती जा रही है।

### कभी-कभी होती है चालानी कार्रवाई

यातायात चौकी प्रभारी ललित कुमार गुप्ता कभी-कभी वाहनों पर चलानी कार्रवाई कर वाहवाही लूटते हैं जबकि हकीकत में पूरे शहर का ट्रैफिक बिगड़ा हुआ है।

### अन्य मार्गों पर भी यही स्थिति

शहर के कन्नौद मार्ग के अलावा पुराना भोपाल इंदौर मार्ग, भोपाल नाका, बस स्टैंड के सामने, अस्पताल गेट ,पुराना बस स्टैंड, अलीपुर ,इंदौर नाका ,चौपाटी चौराहा, बुधवारा, बड़ा बाजार सहित कई मार्गों पर दिन में आए दिन हर कभी जाम लग जाता है।

### अतिक्रमण से बिगड़ रही ट्रैफिक व्यवस्था

शहर के शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ने में सबसे बड़ा कारण अतिक्रमण है शहर के हर मार्ग पर चौराहे पर अतिक्रमण की भरमार है प्रशासन और नगर पालिका दिखावे के लिए कभी-कभी मुहिम चलाते हैं अगर शहर के कन्नौद मार्ग, पुराना भोपाल इंदौर मार्ग सहित अन्य मार्गों का अतिक्रमण है हट जाए तो कुछ हद तक यातायात ट्रैफिक व्यवस्था सुधर सकती है।

### रोड पर खड़ी रहती है यात्री बसें

बस स्टैंड पर सवारी बिठाने के बाद यात्री बसें हाईवे पर बस स्टैंड के सामने खड़े रहती है और उसके बाद धीरे-धीरे भोपाल नाका तक चलती है ऐसे में पूरे मार्ग पर आने जाने वाले वाहन चालक परेशान होते हैं, यही स्थिति अस्पताल गेट की है यहां भी बस स्टैंड से निकलने के बाद पुराना बस स्टैंड तक धीरे-धीरे चलती हैं मजबूरी में वाहन चालक पीछे-पीछे चलते हैं।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारनी चाहिए

शहर के अजय प्रजापति, अमृतलाल जैन ने बताया है कि मार्ग पर दिनभर दोनों और वाहन खड़े रहते हैं। इस कारण बार-बार जाम लगता है। कई बार तो जाम के कारण मार्ग के दोनो तरफ वाहनों की कतारे लग जाती है। चौकी प्रभारी ललित कुमार गुप्ता ने बताया कि समय-समय पर चालानी कार्रवाई की जाती है और आगे भी जारी रहेगी अगर कहीं हाईवे पर वाहन खड़े हैं तो कार्रवाई की जाएगी।

# आठ करोड़ 40 लाख की लागत से बनेगा नया पुल

## विधायक के प्रयास लाए रंग



**आष्टा।** निपानिया-मैना मार्ग पर स्तिथ पार्वती नदी का बरसों पुराना है पुल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर क्षेत्र के विकास के लिए जीतने के बाद से ही लगातार सतत प्रयास रत है। क्षेत्र की बरसों पुरानी समस्याओं का निराकरण करने में वे दिन-रात आष्टा से भोपाल तक सरकार के विभिन्न विभागों एवं मंत्रियों के यहां दस्तक देकर विकास की योजनाओं को स्वीकृत करने के प्रयासों में जुटे हुए है।

लगातार किये जा रहै ठोस प्रयासों के तहत आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को एक और बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। ठोस प्रयासों के परिणाम स्वरूप आजादी के बाद जिस निपानिया-मैना मार्ग पर पार्वती नदी के ऊपर बरसों पहले जो पुल बना था जो जर्जर हो चुका है। उक्त पार्वती नदी पर अब 8 करोड़ 40 लाख की लागत से नए पुल का निर्माण होगा । इसके लिए विधायक लगातार प्रयासरत थे । विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर ने जानकारी देते हुए बताया कि 8 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से पार्वती नदी के ऊपर निपानिया मैना मार्ग पर पुल निर्माण के अलावा लगातार प्रयासों से जावर-कजलास-बिसूखेड़ी मार्ग, सिद्धिकगंज से ईलाही देहमत मार्ग से नीलबड़ जोड़ तक का मार्ग,आष्टा जगन्नाथपुरा से आनंदीपुरा तक मार्ग, कोठारी गवाखेड़ा मुलानी मार्ग, खामखेड़ा यात्रा पहुंच मार्ग भी स्वीकृत हुए हैं । इन मार्गो के निर्माण पर करीब 40 करोड़ से अधिक की राशि प्रस्तावित की गई है। इन सभी मार्गों का लोक निर्माण विभाग व अन्य एजेंसी के माध्यम से निर्माण कार्य होगा।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर जल्द ही आष्टा विधानसभा क्षेत्र की और भी प्रमुख विकास के कार्यो को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सहित संबंधित विभागों के मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मिलकर आष्टा विधानसभा क्षेत्र को और भी सौगाते उपलब्ध कराएंगे ।

# तहसील में आय-जाति प्रमाण पत्र बनवाने लग रही भीड़, सर्ववर डाउन होने से होती परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नवीन शिक्षा सत्र 2024-25 में सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों के प्रवेश के समय आय, जाति, मूल निवासी प्रमाण पत्र की जरूरत लग रही है। जिन्हें बनाने के लिए आष्टा तहसील कार्यालय स्थित लोक सेवा केंद्र में पालको और बच्चों की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान सर्वर डाउन होने और भीड़ से घंटों कतार में खड़ा होने के बाद भी लोगों को परेशान होकर मायूस लौटना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार डेढ़ महीने पहले तक आष्टा लोक सेवा केंद्र में करीब 125 से 150 आय, जाति, मूल निवासी आदि दस्तावेज बनाने के आवेदन आते थे। लेकिन अब इनकी संख्या 300 के पार हो गई है। शुक्रवार सुबह 10 बजे से लोग आने लगे थे। बता दें कि आष्टा लोकसेवा केंद्र से आष्टा शहर के अलावा आसपास के काफी गांव जुड़े हैं। काम का लोड अधिक बढ़ने से बीच में सर्वर की गति भी धीमी हो जाती है। केंद्र पर दस्तावेज बनाने आए लोगों ने बताया कि देरी से परेशानी तो होती है, लेकिन दस्तावेज बनाना भी बहुत जरूरी है। ऐसा नहीं किया तो बच्चों का स्कूल में दाखिला नहीं हो सकेगा। लोगों ने बताया कि तहसील परिसर से लोक सेवा केंद्र जाने वाले रास्ते पर ही बेतरतीब तरीके से दो पहिया वाहन खड़े होते है, जिससे अव्यवस्था फैलती है। मामले पर आष्टा लोक सेवा केंद्र प्रभारी सुनील वर्मा ने बताया कि लोक सेवा केंद्र में पहले प्रतिदिन करीब 150 प्रमाण पत्र बनाने के आवेदन आते है। जिनकी संख्या अब बढ़ गई है। लोड अधिक होने से कभी कभार सर्वर की गति जरूर धीमी हो जाती है, लेकिन हमारा प्रयास रहता है कि सभी का प्रणाम पत्र समय पर बने और कोई परेशानी नहीं हो।

# आष्टा में होगा मुनि श्री निष्पक्ष सागर महाराज का चातुर्मास समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विदिशा पहुंच कर लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन समाज के चातुर्मास प्रारम्भ होने को कुछ ही दिन शेष है। ऐसे में दिगंबर जैन मुनि और आर्यिका संघ के चातुर्मास स्थान पर पहुंचने के लिए सभी के निरन्तर विहार चल रहे है। आष्टा में दो माह से दिगंबर जैन समाज के सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं कुंडलपुर पहुंच कर आष्टा चातुर्मास करने के लिए आचार्य श्री के चरणों मे निवेदन कर रहे थे।

इसके बाद समाजजनों की विनती को स्वीकार करते हुए आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि निष्पक्ष सागर महाराज ने ससंघ चातुर्मास के लिए आष्टा आने की सहमति दी है। इसकी खबर मिलते ही नगर के समाजजनों ने खुशी जाहिर की है। समाज के पूर्व अध्यक्ष पवन जैन ने बताया कि मुनि श्री का आष्टा के लिए निरन्तर विहार चल रहा है।

जल्द ही मुनि संघ का नगर आगमन होगा। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विदिशा पहुंच कर मुनि श्री से आगामी विहार, चातुर्मास स्थापना को लेकर चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में समाज के पूर्व अध्यक्ष पवन जैन सहित पूर्व महामंत्री मुकेश बड़जात्या, अध्यक्ष सुरेंद्र जैन, महामंत्री आनंद जैन पोरवाल, कैलाश जैन, निर्मल जैन, मुकेश जैन आदि लोग शामिल थे।

# नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मेवाड़ा ने मार्ग व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नपबारिश के मौसम में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसी उद्देश्य को लेकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा अपने साथ सीएमओ राजेश सक्सेना सहित अन्य कर्मचारियों को लेकर नगर भ्रमण पर निकले। जहां उन्होंने नगर के मुख्य मार्ग बुधवारा रोड़, बड़ा बाजार, अस्पताल रोड़, जुम्मापुरा सहित अन्य रोड़ों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां-जहां भी रोड़ों पर गड्ढे है, उन्हें त्वरित दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए। आगामी श्रावण सोमवार एवं त्यौहार मोहर्रम को दृष्टिगत रखते हुए चल समारोह जुलूस मार्ग स्थित रोड़ का भी निरीक्षण किया, जिसके तहत नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने नपा कर्मचारियों से कहा कि जुलूस मार्ग के प्रत्येक रोड़ के गड्ढे त्वरित व्यवस्थित तरीके से भरे जाए, वहीं नाला-नालियों की उचित सफाई हो, ताकि चल समारोह में शामिल नागरिकों को आवागमन में परेशानियों का सामना नही करना पड़े। साथ ही श्री मेवाड़ा ने रांका धर्मशाला स्थित नागरिकों की सुविधा के लिए शौचालय निर्माण के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, पार्षद रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, मनीष श्रीवास्तव, विनोद सांगते, संजय शर्मा, अफसर खान, कैलाश घेंघट, आकाश चौहान आदि मौजूद थे।

# भगवान कृष्ण का मनाया जन्मोत्सव, लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



भगवान श्री जगन्नाथ जी के अपनी मौसी के यहा पधारने पर आनंद धाम पर संगीत मय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा का आज चतुर्थ दिवस श्रीमद् भागवत महापुराण के निम्न प्रसंग पर गजेंद्र मोक्ष कथा समुद्र मंथन राजा बली कथा वामन अवतार मत्स्य अवतार अँमरीश नाभा, सगर, गंगा जी का प्राकट्यश्री राम कथा भगवान श्री कृष्ण काप्राकाट्य प्रार्थना वसुदेव देवकी का विवाह एवं भगवान श्री कृष्ण का प्रकाट्य जन्मोत्सव का विस्तार से कथा सुनाई। चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास पंडित कन्हैया लाल शर्मा भागवत भूषण ने आदि को विस्तार से बताया। पंडित गजेंद्र शास्त्री धर्म अधिकारी ने बताएं कि कृष्ण जन्म बधाई सैकड़ो भक्तों द्वारा चॉकलेट टॉफी प्रसाद पुष्प वर्षा के साथ में नाचते गाते हुए कृष्ण जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। विगत 19 वर्षों से रथ यात्रा आनंद धाम पर आती है भगवान यहां पर छुट्टी मनाने 7 दिन तक विश्राम करते हैं अपनी मौसी के घर आनंद धाम पर इस अवसर पर कथा श्रवण करने जीवन सिंहजी सोलंकी, हंसकुमार वर्मा, ज्ञान सिंह ठाकुर गायक कलाकार, दीक्षांत गोस्वामी अलीपुर लंकेश अवंतीपुर बडोदिया,चंचु ताम्रकार, सुरेश पांचाल, दिलीप सांवरिया, कमलेश प्रीति ताम्रकार, शिव श्री वादी, राधेश्याम नायक, बृजमोहन सोनी, क्षमा शर्मा, उमा चंद्रशेखर शर्मा महेंद्र राधा शर्मा,रमा गजेंद्र शर्मा, अंजलि अनुराग शर्मा, बृजमोहन रानी सोनी भुवनेश्वरी शर्मा, सनातन देव शर्मा, धाता शर्मा आदि सभी भक्तगण उपस्थित रहे। धर्माधिकारी गजेंद्र शर्मा ने बताया कि आनन्द धाम पर 8 से 14 जुलाई तक दोपहर में 2 बजे से शाम 5 बजे तक पंडित भवानी शंकर शर्मा के निवास आनंद धाम आष्टा पर कथा का आयोजन किया गया है।

## जनपद पंचायत में शांति समिति की बैठक में त्योहार मनाने पर हुई चर्चा

# गंगा जमुनी तहजीब का शहर है आष्टा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गंगा जमुनी तहजीब का शहर आष्टा है, इसे बदनाम नहीं होने दिया जाएगा। यहां हिन्दू-मुस्लिम हर त्योहार भाईचारा के साथ मनाते आ रहे है और मनाते रहेंगे। पशुओं के लिए बड़े स्तर पर गोशाला खोली जाएगी। सड़कों पर पड़ी हुई सामग्री को तत्काल हटाया जाए। वहीं रोड पर अतिक्रमण है तो इसे भी हटाया जाएं। साथ ही नगर में झूलते हुए बिजली के तार को दुरूस्त किया जाएं।

यह बातें आगामी विभिन्न त्योहारों के चलते प्रशासन द्वारा जनपद पंचायत सभागृह में आयोजित शांति समिति की बैठक में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहीं। बैठक एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। वहीं लोगों ने आने वाले त्योहार मोहर्रम, रक्षाबंधन और अन्य धार्मिक त्योहारों को लेकर अपनी-अपनी बात रखी।

इन विषयों पर हुई चर्चा बैठक में सफाई के साथ लाइट और मुख्य बाजारों की सड़कों पर झूलते हुए बिजली के तार, सड़कों पर पड़ी हुई रेत, गिट्टी, मुरम को हटाए जाए। वहीं नगर में मवेशी की बढ़ती हुई आबादी से आने वाली परेशानियों से भी अवगत कराया। जिस पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि त्योहारों और जुलूस में किसी भी प्रकार की बाधा न हो। शांति पूर्वक हर एक त्योहार मनाया जाए। नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि आपके हर एक सुझाव पर नगर पालिका कार्य करेगी। इस दौरान एसडीएम स्वाति मिश्रा उपाध्याय, एसडीओपी आकाश अमलकर, तहसीलदार पंकज पवैया आदि ने भी अपनी बात रखी।

# एसडीएम, सीएमओ और नपा अध्यक्ष को दी सूचना, सफाई कर्मी करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा नगर पालिका के सफाई कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 13 जुलाई से हड़ताल करेंगे। इस दौरान सफाई व्यवस्था बंद रहेगी। इसकी सूचना गुरुवार को सफाई कर्मचारी संगठन ने सीएमओ और नपा अध्यक्ष को दी है। गुरुवार को सभी सफाई कर्मचारियों ने वाल्मीकि महापंचायत प्रदेश सचिव राहुल वाल्मीकि के नेतृत्व में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, आष्टा एसडीएम को हड़ताल करने के विषय में ज्ञापन सौंपा।

### जनप्रतिनिधियों ने नहीं दिया संतोषजनक जवाब

कर्मचारी संगठन के राहुल वाल्मीकि ने बताया कि दो दिन पहले जब वेतन के लिए सभी कर्मचारी नगर पालिका पहुंचे तो वहां पर अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाडा ने उन्हें संतोषजनक जवाब नही दिया। इसके बाद सभी सफाई कर्मचारियों ने 13 और 14 तारीख को 2 दिन की हड़ताल करने का निर्णय लिया है।

### यह हैं प्रमुख मांगे

आष्टा नगर के सफाई कर्मचारियों ने 1 तारीख से 5 तारीख के बीच में वेतन दिया जाने, कर्मचारियों को जीपीएफ सुरक्षा उपकरण, बरसात के रेनकोट, जूते उपलब्ध कराने सहित अन्य मांग की। उन्होंने बताया कि समय पर वेतन नही मिलने से सभी सफाई कर्मचारियों के बैंक सिविल खराब हो रहे हैं, जिसमें बैंक के लोन संबंधी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं। इस के कारण सफाई कर्मचारियों को परेशानी आ रही है।